भ्रष्टाचार | निर्माण कार्य में लाल व काली डस्ट का किया जा रहा उपयोग

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल

**नवभारत, पथरिया 25 फरवरी। शासन ने ग्रामीण सडकों के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी, लेकिन हर जगह निरंतर बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं घटित होने के पश्चात भी जिम्मेदार अब तक नहीं चेत रहे हैं बल्कि ठेकेदार और उपयंत्री बिना किसी भय के भ्रष्टाचार कर सड़क का घटिया निर्माण करने में लगे हुए हैं।**

वैसे तो जिले के कई ग्रामो में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम कंपनी, लोकनिर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़के निर्मित हो चुकी हैं और कुछ सड़कें प्रगतिरत है। इसी तरह प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पथरिया ब्लॉक अंतर्गत दमोह सागर मार्ग से बरधारी की ओर 328.16 रुपए की लागत से 6.50 किलोमीटर लंबी प्रगतिरत सड़क में गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



नागरिकों द्वारा शासन व जिला प्रशासन से सभी बिल भुगतान रुकवाकर संपूर्ण सड़कों के निर्माण की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

**मरम्मत के कार्य में ठेकेदार और उपयंत्री की मिलीभगत**

कार्य में ग्राम तुरकारी और ग्राम बरधारी के समीप एफसीडब्ल्यू पुलिया का मरम्मतीकरण कार्य में ठेकेदार शिवकुमार ताम्रकार व उपमंत्री दिनेश गुप्ता की मिलीभगत से काली डस्ट और लाल डस्ट का उपयोग किया गया है। काली डस्ट के ऊपर लाल डस्ट मिलाकर चोरी छिपे निर्माण कार्य करवाया गया है।

## नरसिंहगढ़ व इमलाई स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित

**नवभारत, दमोह।** नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के प्रतिवेदन पर अनुविभाग पथरिया अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ़ में स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ से 1000 मीटर सीमा के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी पथरिया निकेत चौरसिया ने प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है।पारित आदेशानुसार अनुविभाग पथरिया तहसील पथरिया अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ में स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ परिसर से 1000 मीटर की सीमा के दायरे में कोई भी व्यक्ति, संगठन, संस्था या समूह बिना अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का धार्मिक प्रदर्शन, सामाजिक प्रदर्शन, जूलूस रैली, शौभायात्रा ज्ञापन सभा अथवा सामूहिक आयोजन आदि नहीं करेगा।

## श्रीराम यज्ञ व संगीतमय कथा का भावपूर्ण समापन

सिंग्रामपुर : सप्तदिवसीय यज्ञ व कथा का अंतिम दिन श्रद्धा, भक्ति और भावपूर्ण सम्पन्न

**नवभारत, सिंग्रामपुर/दमोह. ग्राम सिंग्रामपुर की पिपरिया कॉलोनी में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम यज्ञ व संगीतमय श्रीराम कथा का आज अंतिम दिन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा पंडाल राममय वातावरण से गूंज उठा. कथा के अंतिम दिवस पर कथा वाचक पंडित घनश्याम खम्परिया महाराज ने प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र का मार्मिक एवं प्रेरणादायी वर्णन किया.**



उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन विनम्रता, त्याग, मर्यादा और करुणा का अद्भुत उदाहरण है. उनकी कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई. महाराज श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीराम ने विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा. उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ आएं, हमें सदैव धर्म, सत्य और विनम्रता का पालन करना चाहिए. कथा के समापन पर महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें श्रीराम जैसे सरल, विनम्र और सच्चे बनने का प्रयास करना चाहिए. यदि हम अहंकार, लोभ और स्वार्थ का त्याग कर सच्चे मन से भगवान का स्मरण करें, तो हमारा जीवन स्वयं ही सुंदर, शांतिपूर्ण और सार्थक बन जाता है. कार्यक्रम के अंत में यज्ञ की पूर्णाहुति, आरती व प्रसाद वितरण किया गया. आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों व ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया. पूरे ग्राम में इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला.

## ग्राम पंचायत भवन टौरी में आयोजित किया गया शिविर

**नवभारत, दमोह.** 24 फरवरी को जनपद पंचायत दमोह अंतर्गत संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर ग्राम पंचायत भवन टौरी में आयोजित किया गया. शिविर में टौरी क्लस्टर अंतर्गत 23 ग्राम पंचायतों के अभियान के तहत 12 जनवरी 2026 से लेकर दिनांक तक दर्ज विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाओं/योजनाओं के कुल 1656 आवेदनो पर कार्यवाही की गई. उल्लेखनीय है कि अभियान अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासन के 21 विभागों की चिन्हित 106 सेवाओं/योजनाओं को सम्मिलित किया गया है दिनांक 12 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक अभियान के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर/घर घर जाकर आवेदन प्राप्त किये जाकर पोर्टल पर दर्ज किये गये थे. आज अभियान के द्वितीय चरण (16 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक) क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर प्रथम चरण में दर्ज 1656 आवेदनों में से निराकरण हेतु शेष 214 आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की गई. शिविर स्थल पर भी विभिन्न विभागों के 66 नवीन आवेदन प्राप्त किये गये जिनमें से 22 आवेदन शिविर में ही निराकृत कर दिये गये. शिविर में विभिन्न योजनांतर्गत 40 हितग्राहियों को स्वीकृत प्रकरणों के सामाजिक न्याय व नि:शक्त विभाग से पेंशन व राष्ट्रीय परिवार सहायता स्वीकृत पत्रक, स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मानकार्ड, राजस्व विभाग से स्वामित्व अभिलेख, गरीबी रेखा प्रमाण पत्र आदि, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिविर स्थल पर ही वितरित किये गये. शिविर में श्रीमती प्रीति कमल सिंह ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत दमोह, श्रीमती मोहिनी मुकेश जैन जनपद सदस्य, गोविंद सिंह सरपंच ग्राम पंचायत अभाना, कमल(राजू) ठाकुर अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद दमोह, हेमराज सिंह सरपंच ग्राम पंचायत टोरी, मुकेश सिंह सरपंच ग्राम पंचायत सागोनी कला व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ हलधर मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह, महेंद्र सिंह ठाकुर सहायक यंत्री, भोजराज दुबे बीपीओ, प्रतीक्षा सिंघई सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सूरज पाठक राजस्व निरीक्षक, डीडी बेन उपयंत्री, आरिफ खान उपयंत्री महेंद्र अहरवाल पीसीओ, स्वतंत्र जैन पीसीओ, भरत सिंह ठाकुर आदि रहें।




## शांति और भाईचारे से मानाए होली पर्व : बागरी

**नवभारत, तेंदूखेड़ा/दमोह.** आगामी होली पर्व को लेकर नगर के गणमान्य नागरिकों की बैठक थाना प्रांगड़ में आयोजित की बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार शिल्पी ने की. बैठक में थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, मूरत सिंह, डॉक्टर परम सिंह, चेतन जैन, गोविंद यादव मंडल अध्यक्ष संतराम पाल, अनिल पाराशर, तेजी सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, बजरंग दल के सदस्य जिनमें विदित तोमर विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के साथ पत्रकारगण, पार्षदगणों के साथ बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे. होली पर्व शांति से मनाए इस दौरान सभी ने होली पर्व शांति से मनाने के लिए सिर्फ रंग गुलाल का उपयोग करने का निर्णय लिया. बोर्ड परीक्षा चलते डीजे नियत समय 10 बजे तक मध्यम आवाज में बजाने जबरजस्ती रंग न लगाने काले रंग और पेंट न लगाने विद्युत लाइनों के नीचे होलिका दहन न करने पर चर्चा हुई. साथ ही रोड़ों पर वहां न लगाने शराब खोरी पर लगाम लगाने परीक्षा के चलते परीक्षार्थियों पर रंग न फेंकने की बात हुई. इसी के साथ दो पहिया चारपहिया वाहनों से हुल्लड़ाई न करने की हिदायत के साथ होलिका पर्व शांति से मनाने की अपील सभी से की गई.

## सांसद राहुल सिंह लोधी को CZech Republic मैत्री समूह का सदस्य बनाया



**नवभारत, दमोह.** लोक सभा अध्यक्ष ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया; विश्व में लोकतांत्रिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में लोक सभा अध्यक्ष का अहम कदम है जिसमे 60 से अधिक देश, एक सोच: अंतर-संसदीय रिश्तों को और मजबूत करने के लिए लोक सभा अध्यक्ष की पहल दलीय राजनीति से ऊपर मैत्री समूहों के गठन की लोक सभा अध्यक्ष की पहल में सभी दलों की भागीदारी, लोकतंत्र की मजबूती का परिचय लोक सभा अध्यक्ष ने विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं को मैत्री समूहों की जिम्मेदारी सौंपी, 60 से अधिक देशों के सामने भारत के लोकतंत्र की विविधता को रेखांकित किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की बहुदलीय पहल को आगे बढ़ाते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने संसदीय मैत्री समूहों को औपचारिक रूप दिया। वैश्विक रिश्तों को मजबूती: पहले चरण में 60 से ज़्यादा देशों के साथ मैत्री समूह स्थापित, जल्द ही और देशों के साथ होगा । दुनिया के देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है।यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत की संसद विश्व की विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाना चाहती है, ताकि पारंपरिक राजनय के साथ- साथ संसदीय स्तर पर भी मजबूत संबंध बने रहें। इन मैत्री समूहों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं।वरिष्ठ नेताओं में रवि शंकर प्रसाद, डॉ.एम. थंबीदुरई, पी.चिदंबरम, सहित कई अन्य नेता शामिल हैं।



## चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान में दूसरे दिन मुनि संघ के सानिध्य में भक्ती भाव से अर्घ्य चढ़ाए गए

**नवभारत, दमोह।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर प्रबंध कार्यकारणी समिति व सकल जैन समाज द्वारा अष्टानिका महापर्व पर आचार्य श्री विद्यासागर जी व आचार्य श्री समय सागर जी के आर्शीवाद से मुनि श्री पदम सागर जी के ससंघ सानिध्य में श्री 1008 चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है। इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन मख्य समवशरण के साथ 24 तीर्थकरों के समवशरण में श्रावकजनों ने पूजन विधान करके धर्माजन किया। नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में 24 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित श्री 1008 चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान में मुनि श्री पदम सागर एवं छुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में बुधवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए।प्रात: ब्रहम्चारी दीपक भैया, अभिषेक शास्त्री, स्वतंत्र भैया पंडित सुरेश शास्त्री सहित अन्य विद्वानों के निर्देशन में श्रीजी का अभिषेक पूजन प्रारंभ हुआ।इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य सुनील जैन बैंक वाले, अखिलेश जैन फट्टा, लोकेश गांगरा, संतोष गांगरा, जितेंद्र जैन गुड्डू निहाल पलंदी मदिर परिवार को प्राप्त हुआ।

### एक नजर में



## सुरेन्द्र राय बने जिलाध्यक्ष

**नवभारत, दमोह.** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला दमोह कीनिर्वाचन बैठक होटल अरिहंत में आयोजित की गई. बैठक बीएमएस के संस्थापक पूज्यनीय दत्तोपंत ठेंगरी जी, भगवान विश्वकर्मा व भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन के साथ शुरू की गई. बैठक के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र चौबे भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख, निर्वाचन अधिकारी देवानंद विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र चौबे, जिला मंत्री और प्रवीण तिवारी जिलाध्यक्ष, राकेश श्रीवास्तव पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, और बाबूलाल विश्वकर्मा प्रदेश आईटी सेल प्रभारी का मंच पर अंग वस्त्र, साल श्रीफल से स्वागत किया गया. उसके बाद जिला दमोह से उपस्थित समस्त तहसील /ब्लाक कार्यकारणी व सभी कार्यकर्ताओं का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया.



## इको क्लब के पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम में मशरूम उत्पादन व वर्मी कंपोस्टिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**नवभारत, दमोह.** आज दिनांक 25.02.26 को शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ.जी.पी.चौधरी की अध्यक्षता में इको क्लब के पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम मशरूम उत्पादन व वर्मी कंपोसिंटग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रभान पटेल व डॉ मनोज अहिरवार, डॉ.बी.एल.साहू, कृषि विज्ञान केंद्र दमोह व मास्टर ट्रेनर के रूप में श्रीराम कुरेरिया मेहता आॅर्गेनिक फार्म, हरिशंकर विश्वकर्मा जड़ी बूटी व मशरुम उत्पादन विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान देकर मशरूम यूनिट के संचालन के बारे में बताया गया..

# छात्रों को दूरस्थ केंद्र पहुंचने में हो रही परेशानी

5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचने में लग रहा अत्यधिक समय

**कुम्हारी नवभारत 25 फरवरी। बोर्ड परीक्षाओं के संचालन में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में बनाए गए केंद्र छात्र-छात्राओं के लिए परेशानी का सबब बन गए है।**

वर्तमान में कक्षा आठवीं और पांचवी की परीक्षाएं हो रही है, लेकिन परीक्षा केंद्र की दूरी अत्यधिक होने के कारण विद्यार्थियों के साथ ही उनके अभिभावकों को इन केंद्रों तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा केंद्र इमलिया में 10 स्कूल शामिल किए गए हैं। कक्षा पांचवी में 62 छात्र और कक्षा आठवीं के 17 छात्रों को यहां परीक्षा देने के लिए जाना पड़ रहा है। कुम्हारी से यहां की दूरी लगभग 8 किलोमीटर है।




वहीं, एक केंद्र पटना में बनाया गया। इस परीक्षा केंद्र में कक्षा आठवीं के 62 छात्रों में से 44 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, 18 छात्र अनुपस्थित रहे। कक्षा पांचवी के 65 में से 57 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 8 अनुपस्थित रहे।

**9 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही**

इसी तरह का आलम घाट पिपरिया में है, जहां पंडा किला, मोहाली गांव की 9 किलोमीटर की दूरी से छात्र आते हैं। यहां कक्षा पांचवी के 75 और कक्षा आठवीं के 62 परीक्षा दे रहे है। बुधवार के पेपर में पांचवी के छह और आठवीं के दो छात्र अनुपस्थित रहे।

## कार्यवाहक वनपाल पर घातक हथियार से हमला, जबलपुर रेफर

**नवभारत, तेंदूखेड़ा/दमोह.** बुधवार की दोपहर नौरादेही अभ्यारण में गस्त कर रहे कार्यवाहक वनपाल बृजेश सेन पर घातक हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है. गंभीर रूप से घायल वनपाल कार्यवाहक को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने डाक्टरों ने जबलपुर रेफर कर दिया. जानकारी लेने पर पता चला कि वन माफिया भूरा द्वारा अवैध रूप से जंगल में लकड़ी काटने पर मन करने से भूरा से विवाद हुआ और भूरा ने कार्यवाहक पर घातक हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. भूरा इसके पूर्व भी वनपाल पर हमला कर घायल कर चुका है.





जंगल में पेड़ों की दूरी का ध्यान रखते हुए किया जा रहा कार्य

## अनुपयोगी व सूखे पेड़ों की कटाई शुरू

**कुम्हारी नवभारत 25 फरवरी। वन विभाग द्वारा कूप कटाई का कार्य चल रहा है, जिससे जंगल में जो पेड़ सूख जाते या आधे झुके रहते हैं उन्हें गर्मी के मौसम में विभाग के कर्मचारी द्वारा काटने की लगातार मुहिम चल रही है।**

एक वर्ष पूर्व चिन्हित पौधों को विभाग की अनुमति के बाद काटा जाता है और उसमें फिर विभिन्न कार्य के लिए उपयोग में आने वाली लकड़ी को अधिकारी अलग अलग कैटेगरी में रखते हैं।

**सागौन का पेड़ होता है महत्वपूर्ण**

जंगल में सागौन का पेड़ सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, जिसकी आयु लगभग 60 से 80 होती है। इनको वन विभाग के डिपो में रखा जाता है। सलैया चौकी अंतर्गत कूप काटने का कार्य प्रगति पर है। रेंजर अखिलेश चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया गर्मी के मौसम में पेड़ों की दूरी का ध्यान रखते हुए जो पेड़ अनुपयोगी या सूख जाते हैं उनको काट कर रखरखाव करते हुए विभाग अपने कब्जे में लेता है।

# हटा-फुटेरा मार्ग पर बारातियों से भरी पिकअप पलटी, 6 से अधिक घायल

**बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी**

**नवभारत, दमोह.** हटा-फुटेरा मार्ग पर गंजबरखेड़ा गांव के समीप बुधवार दोपहर बारातियों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए. जबकि अन्य को सामान्य चोटें आई हैं. घायलों का उपचार बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में जारी है. घटना बटियागढ़ थाना क्षेत्र की फुटेरा चौकी अंतर्गत हुई. जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी आनंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया. पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, बटियागढ़ थाना क्षेत्र के निंबोरा कला गांव से एक बारात पन्ना जिले के अमानगंज गई थी. बुधवार दोपहर विदाई के बाद पिकअप वाहन में सवार लोग दहेज का सामान लेकर वापस लौट रहे थे. तभी गंजबरखेड़ा गांव के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. घटना के समय पिकअप में करीब 20द्द21 लोग सवार थे. घायल हरीराम आदिवासी ने बताया कि हादसे में श्याम पिता सुंदर आदिवासी (21) व परम पिता तिलक आदिवासी को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य को सामान्य चोटें आई हैं.



हादसे के समय हटा की ओर जा रहे राहगीर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित कुमार जैन और राकेश पटेल ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों की मदद की और तत्काल फुटेरा चौकी प्रभारी आनंद कुमार को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंच सकी.

## पटेरा में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई



**ओवरलोड डम्पर जब्त**

**नवभारत, दमोह.** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशो के तहत् खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 25 फरवरी को प्रात: लगभग 8 बजे पटेरा तहसील अंतर्गत ग्राम पाला अर्जुनी में विशेष जांच अभियान चलाया गया।

# हटा में सुनार नदी के समीप रेलिंग से टकराए बाइक सवार की मौत

**रात भर फ्रिजर की जगह स्ट्रेचर पर रखा रहा शव**

**नवभारत, हटा/दमोह.** हटा बटियागढ़ मार्ग पर मंगलवार रात लालटेक और सुनार नदी हारट पुल के बीच सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई. बताया जा रहा मृतक पप्पू पिता गोपाल पटेल 40 निवासी हारट तहसील बटियागढ़ अपनी बाइक से घर लौट रहा था. तभी रात में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सुरक्षा बॉल रैलिंग से टकरा गई. जिससे बाइक चालक पप्पू की मौके पर मौत हो गई. मंगलवार रात करीब 10 बजे घटना की सूचना पर पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पँहुची और युवक को सिविल अस्पताल हटा लाया गया. जहां जांच के बाद ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. शव को अस्पताल में जनरल वार्ड के बाहर गैलरी में स्ट्रेचर पर ही रखा छोड़ दिया गया. अस्पताल में ड्यूटी रत कर्मचारियों ने शव को सुरक्षित फ्रीजर में रखने की जहमत तक नही उठाई. जबकि शव फ्रीजर के ठीक सामने ही रात भर रखा रहा. शव रात भर स्ट्रेचर पर बाहर रखा रहने से अस्पताल में दुर्गंध फैलती है. जिससे अस्पताल में आने जाने बालो को परेशानी का सामना करना पड़ता है. कई बार परिजनों के इंतजार में शव को जनरल वार्ड में ओपीडी के पास या अस्पताल की गैलरी में स्ट्रेचर पर ही छोड़ दिया जाता है. शव अस्पताल में लावारिस अवस्था की तरह रखा रहता है. वहीं शव खराब होने का डर भी बना रहता है, जबकि हटा सिविल अस्पताल में पर्याप्त फ्रीजर उपलब्ध है. सुबह 11 बजे शव का पंचनामा कार्यवाही कर पीएम के लिए भेजा गया.



## कोतवाली पुलिस ने पकड़ा हजारों का जुआ

**नवभारत, दमोह।** थाना कोतवाली पुलिस ने जुआ फड़ के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 50,700 रुपये नगद व 52 ताश पत्ते जब्त किए हैं. दमोह जिले में पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक एच आर पांडे के मार्गदर्शन में 24 फरवरी 2026 को यह कार्रवाई की गई. निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में एएसआई अलजार सिंह, प्रआ महेश, अभिषेक, आ.नरेंद्र सहित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही की.

लापरवाही | करीब 48 लाख रुपये की लागत से तैयार खेल परिसर रखरखाव के अभाव में बदहाली का शिकार

# उद्घाटन के इंतजार में बीत गए 16 साल, बदहाली झेल रहा हटा का मिनी स्टेडियम

**नवभारत, हटा/दमोह. सूरज जैन**
नगर की खेल प्रतिभाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 16 वर्ष पूर्व निर्मित मिनी स्टेडियम आज भी उद्घाटन की राह देख रहा है। करीब 48 लाख रुपये की लागत से तैयार यह खेल परिसर रखरखाव के अभाव में बदहाली का शिकार हो चुका है। कभी खिलाड़ियों के सपनों का केंद्र बनने वाला यह स्टेडियम आज गाजर घास, झाड़ियों, जलभराव और मवेशियों की मौजूदगी के कारण उपेक्षा का प्रतीक बन गया है। खिलाड़ियों के सपनों पर लगी विराम स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि स्टेडियम बनने के बाद से इसे शुरू कराने की मांग लगातार उठती रही, लेकिन आश्वासनों से आगे बात नहीं बढ़ सकी। नतीजतन खिलाड़ी आज भी खुले मैदानों, खेतों और असमतल जगहों पर अभ्यास करने को मजबूर हैं। क्रिकेट खिलाड़ी गोलू खान के अनुसार शहर में स्टेडियम होने के बावजूद बाहर खेलना पड़ना निराशाजनक है। निरीक्षण में उजागर हुई हकीकत पत्रिका टीम के निरीक्षण में स्टेडियम का मुख्य गेट अंदर से बंद मिला, जबकि बगल का छोटा गेट खुला था। परिसर के भीतर गंदगी, जलभराव और मवेशियों का जमावड़ा स्पष्ट दिखाई दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कभी-कभार चौकीदार आता है, लेकिन नियमित देखरेख नहीं होने से स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। निर्माण पूरा, लेकिन उद्घाटन अधर में जानकारी के अनुसार वर्ष 2009 में तत्कालीन जनप्रतिनिधियों के प्रयास से स्टेडियम निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई थी और निर्माण कार्य भी पूरा हो गया, लेकिन उद्घाटन नहीं हो सका। समय के साथ रखरखाव के अभाव ने इस परिसर को जर्जर बना दिया।



**खिलाडी और स्थानीय लोगों का कहना है**

उनका कहना है कि यदि स्टेडियम शुरू हो जाए तो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भागीदारी का अवसर मिलेगा। वॉलीबॉल खिलाड़ी छोटू खान ने बताया कि समुचित मैदान के अभाव में उबड़-खाबड़ जगहों पर अभ्यास करना पड़ता है, जिससे चोटिल होने का खतरा बना रहता है।

प्रशासन ने दिए सुधार के संकेत एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि खेल अधिकारी से चर्चा कर स्टेडियम को उपयोग में लाने की दिशा में पहल की जा रही है और जल्द ही बैडमिंटन कोर्ट तैयार करने की योजना है। वहीं विधायक उमादेवी खटीक ने बताया कि स्टेडियम की बाउंड्री वॉल और इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। निरीक्षण के लिए भोपाल से टीम भी आ चुकी है और शीघ्र कार्य शुरू होने की उम्मीद है।